अमर उजाला 25/02/2025

# शिविर का लक्ष्य समाज को जागरूक करना : दत्त

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से उगाड़ा गांव में चलाए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। जिसमें विद्यार्थियों ने गांव में पौधरोपण कर गांव सरपंच से यह प्रण लिया कि वह इस पौधे का पोषण पुत्रवत करेंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि एनएसएस शिविर का लक्ष्य ही समाज को जागरूक कर उनको दिशा देना है। उन्होंने गांव के वर्तमान सरपंच एवं पूर्व सरपंच का धन्यवाद किया। मुख्यातिथि के रूप में गांव सरपंच परविंद्र कौर एवं तरसेम सिंह नंबरदार रहे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जसविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि उगाड़ा गांव हरियाणा का पहला गांव है, जहां पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। संवाद